भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 2467

जिसका उत्तर 05.03.2020 को दिया जाना है

उत्तराखण्ड में एनएच को चौड़ा करना

2467. श्री तीरथ सिंह रावतः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) उत्तराखण्ड में सिंगल-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) का ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार का इन सिंगल लेन एनएच को दो-लेन, चार-लेन और छह-लेन में विकसित करने/चौड़ा करने का प्रस्ताव है;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) गत तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष इस उद्देश्य हेतु जारी राशि कितनी है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क): उत्तराखंड में एकल लेन राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई 1843 किमी है।

(ख): राष्ट्रीय राजमार्ग खंड का विकास/चौडीकरण एक सतत प्रक्रिया है और यह सड़क के यातायात, पारस्परिक प्राथमिकता और निधियों की उपलब्धता के आधार पर किया जाता है।

(ग) और (घ): वर्तमान में, उत्तराखंड में राष्ट्रीय राजमार्गों को दो और चार लेन में चौड़ा करने का कार्य क्रमशः 788 किमी और 338 किमी पर किया जा रहा है। पिछले 3 वर्षों के दौरान, इस उद्देश्य के लिए जारी निधियों का विवरण **संलग्न** है।

अनुबंध

'उत्तराखण्ड में एनएच को चौड़ा करना' करने के संबंध में श्री तीरथ सिंह रावत द्वारा पूछे गए दिनांक 05.03.2020 के लोक सभा लिखित प्रश्न सं. के भाग (ग) और (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

उत्तराखंड राज्य में एकल लेन राजमार्गों को दो, चार और छह लेन के राजमार्गों में विकसित /चौड़ा करने हेतु जारी की गईं निधियाँ

(करोड़ रुपये में)

एजेंसी	**2016-17**	**2017-18**	**2018-19**	**2019-20**	**कुल**
स.परि.राज.मंत्रा./राज्य पीडब्ल्यूडी	19.21	751.32	687.87	948.2	2406.57
एनएचएआई	260.46	79.91	871.74	1082.74	2294.85
बीआरओ	121.36	146.13	165.15	399.62	832.26
एनएचआईडीसीएल	0	0	126.55	245.4	371.95
कुल	**401.03**	**977.36**	**1851.31**	**2675.96**	**5905.63**

*****